सफलता पूर्वक 4 साल

www.politelive.com

# पोलिट लाइव

दैनिक डिजिटल अखबार

*वेब चैनल *यूट्यूब न्यूज *1 लाख लोग

वर्ष : 04 अंक : 307 Reg no - JH - 04-000-1393 धनबाद, सोमवार, 6 मई , 2024

A TRUSTED BRAND

CRESCENT INTERNATIONAL SCHOOL

CBSE AFFILIATED SENIOR SECONDARY SCHOOL (AFFILIATION NO. 3430385)

ADMISSION OPEN
SESSION 2024 - 2025

CLASS - 11 SCIENCE
COMMERCE & ARTS

HOSTEL FACILITY AVAILABLE
AN INSTITUTION FOR QUALITY EDUCATION

LIMITED SEATS

9934319186 | BARIO, KNOWLEDGE VILLAGE, GOVINDPUR, DHANBAD

# अयोध्या में रामलला के चरणों में मोदी पहुंच लिया आशीर्वाद, फिर किया रोड शो





- खुले रथ पर सवार हुए मोदी
- सुग्रीव किला से लता मंगेशकर तक रोड शो

पोलिट लाइव रिपोर्टर

अयोध्या: प्रधानमंत्री नरेन्द्रच मोदी ने लोक सभा चुनाव मे तीसरी बार भारी बहुमत से सरकार बने इसकी कावयद नित्य दिन कर रहें है, प्रतिदिन 2-3 राज्यों का दौरा कर 400 पार क़े नारों को फलिभूत करने मे लगे है, रविवार को भी अयोध्या में भगवान श्री रामलला का दर्शन पूजन करने के बाद सुग्रीव किला से रोड शो की शुरुआत की। प्रधानमंत्री मोदी उत्तर प्रदेश में इटावा और धौरहरा की चुनावी जनसभाओं को संबोधित करने के बाद शाम को अयोध्या हवाई अड्डे पहुंचे जहां से सड़क मार्ग से भगवान श्रीराम के मंदिर पहुंचे।

मोदी ने अयोध्या से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार एवं सांसद लल्लू सिंह के समर्थन में फूलों और बैनर से सजे एक खुले वाहन (रथ) पर सवार होकर रोड शो शुरू किया। वाहन पर उनके साथ प्रदेश के मुख्य मंत्री योगी आदित्यअनाथ और लल्लो सिंह मौजूद थे। मोदी राम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य द्वार के पास सुग्रीव किला से रथ पर सवार हुए। पीएम नरेंद्र मोदी ने फैजाबाद लोकसभा सीट से बीजेपी प्रत्याशी लल्लू सिंह के समर्थन में रोड शो किया। इससे पहले पीएम मोदी ने रामलला का आशीर्वाद लिया। राम मंदिर में मोदी करीब 15 मिनट तक रहे। प्रधानमंत्री के अभिनंदन और स्वागत के लिए राम पथ के दोनों तरफ जनता काफी पहले से उनका इंतजार कर रही थी। इस दौरान उनकी सुरक्षा को लेकर व्यापक इंतजाम किए गए थे। भाजपा के एक नेता ने बताया कि सुग्रीव किला से लता मंगेशकर चौक तक करीब दो किलोमीटर की दूरी के बीच मोदी के रोड शो के लिए 75 ब्लॉक बनाए गए थे। जहां हर वर्ग के लोगों ने प्रधानमंत्री का स्वागतकिया।

इससे पहले मोदी ने राम मंदिर में भगवान श्री रामलला का दर्शन पूजन किया और पूरी तरह लेटकर आशीर्वाद मांगा। मोदी मंदिर में करीब 15 मिनट रहे और इस दौरान मंत्रोच्चार के बीच उन्होंने पूजन और आरती भी की। रोड शो के लिए मोदी का रथ जैसे ही आगे बढ़ा नारों से वातावरण गूंज उठा। 'जय श्री राम', 'हर हर मोदी-घर घर मोदी', 'फिर से मोदी सरकार-अबकी चार सौ पार' जैसे नारों के बीच उमड़ी भीड़ ने मोदी पर फूलों की बारिश कर दी।

मोदी के स्वागत में जगह-जगह सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए थे। बाल कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति दी। साधु संत भी सड़क के किनारे खड़े होकर मोदी के स्वागत में उत्साहित दिखे। मोदी के स्वागत में बच्चे, बड़े और महिलाएं भी मौजूद रहीं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में इस वर्ष 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की गयी।

## मनोज तिवारी की बेटी रीति तिवारी बीजेपी में हुईं शामिल




पोलिट लाइव रिपोर्टर

PL न्यूज डेस्क दिल्ली - चुनाव के बीच दिल्ली के पूर्व बीजेपी अध्यक्ष और मौजूदा सांसद मनोज तिवारी की बेटी रीति तिवारी बीजेपी में शामिल हो गई हैं. इस मौके पर उन्होंने कहा कि मैंने कभी नहीं सोचा था कि इतनी जल्दी राजनीति में आ जाऊंगी. उन्होंने भरोसा दिलाते हुए कहा कि वो किसी को निराश नहीं करेंगी. रिथि तिवारी सिंगर के साथ ही सॉन्ग राइटर भी हैं. सांसद मनोज तिवारी की बेटी रीति तिवारी ने कहा कि राजनीति में आने की योजना तो थी लेकिन ये 10-15 साल बाद का प्लान था.

## पांचवें चरण के चुनाव में 11 उम्मीदवारों के नामांकन रद्द, नाम वापसी से पहले 57 प्रत्याशी मैदान में

पोलिट लाइव रिपोर्टर

झारखंड में लोकसभा चुनाव के तहत दूसरे (देश के पांचवें) चरण की तीन सीटों पर दाखिल नामांकन पत्रों की शनिवार को स्क्रूटनी हुई. इसमें झारखंड की तीन संसदीय सीटों के लिए दाखिल 68 नामांकन पत्रों में से 11 नामांकन पत्र खारिज कर दिए गए हैं. चुनाव आयोग की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, चतरा में सबसे अधिक 8 नामांकन पत्र



खारिज किए गए हैं, जबकि कोडरमा में एक और हजारीबाग में दो नामांकन पत्र जांच के दौरान खारिज किए गए हैं. नामांकन रद्द होने के बाद चतरा में कुल 23 तथा हजारीबाग तथा कोडरमा में 17-17 उम्मीदवार बचे हैं. इन सीटों के लिए नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि 6 मई है. नामांकन वापसी के बाद यह पूरी तरह से सपष्ट हो जाएगा कि कितने उम्मीदवार मैदान में हैं. गौरतलब है कि इन सीटों पर 20 मई को मतदान होगा. लोकसभा चुनाव के छठे चरण के दौरान झारखंड की चार सीटों पर होने वाले मतदान के लिए नामांकन प्रक्रिया जारी है, जिसके तहत 4 मई को 27 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया. इस तरह अब तक कुल 68 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया है.

अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी नेहा अरोड़ा के मुताबिक गिरिडीह में 13, धनबाद में 18, रांची में 17 और जमशेदपुर में 20 प्रत्याशियों ने कुल 130 नामांकन पत्र दाखिल किए हैं.

# मंत्री आलमगीर आलम के नौकर के घर से ईडी ने 20 करोड़ रूपए किया बरामद

▸ कई ठिकानों पर सर्च जारी..

पोलिट लाइव रिपोर्टर

रांची : प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने सोमवार की अहले सुबह रांची में बड़ी कार्रवाई की है। ईडी की टीम ने गिरफ्तार हुए इंजीनियर वीरेंद्र राम मामले में झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव संजीव लाल के घरेलू नौकर के घर से 20 करोड़ नगद बरामद किये हैं। नोटों की गिनती जारी है।



गौरतलब है कि ईडी ने झारखंड ग्रामीण विकास विभाग के मुख्य अभियंता वीरेंद्र के. राम को फरवरी 2023 में कुछ योजनाओं के क्रियान्वयन में कथित अनियमितताओं से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया था। जिसको लेकर रांची के सेल सिटी समेत कुल नौ ठिकानों पर ईडी की टीम छापेमारी कर रही है।

# उपायुक्त ने की सामान्य प्रेक्षक से औपचारिक मुलाकात

पोलिट लाइव रिपोर्टर



धनबाद : लोकसभा चुनाव के लिए धनबाद पहुंचे सामान्य प्रेक्षक अनूप खिनची (आई.ए.एस.) से जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा ने सर्किट हाउस में औपचारिक मुलाकात की। इस अवसर पर उपायुक्त ने पुष्पगुच्छ भेंट कर सामान्य प्रेक्षक का स्वागत किया। मुलाकात के दौरान सामान्य प्रेक्षक ने लोकसभा चुनाव की तैयारियों के संबंध में उपायुक्त से वार्तालाप किया। इस अवसर पर उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा, जिला खनन पदाधिकारी मिहिर सालकर, सहायक आयुक्त उत्पाद संजय मेहता, जिला खेल पदाधिकारी दिलीप कुमार मौजूद थे।

# अंतर विद्यालय वालीबॉल लीग चैंपियनशिप आज से

पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : जिला वालीबाल संघ के तत्वाधान में वालीबॉल कोचिंग सेंटर स्टेडियम में आज दिन सोमवार सुबह 6:30 बजे से 24 व अंतर विद्यालय स्वर्गीय पी एन कपूर अंडर 19 बालक ट्रॉफी एवं स्वर्गीय शिवरानी कपूर अंडर-19 बालिका ट्रॉफी तथा 14 वर्ष से कम आयु वर्ग वालीबॉल लीग चैंपियनशिप का आयोजन होने जा रहा है इस टूर्नामेंट में धनबाद जिला के 21 स्कूलों के 260 खिलाड़ी अपना खेल का प्रदर्शन करेंगे लीग चैंपियनशिप का पहला मुकाबला सुबह 7:00 बजे से दो वॉलीबॉल कोर्ट में होगा टूर्नामेंट का उद्घाटन सुबह 9:30 बजे वॉलीबॉल स्टेडियम में होगा प्रतियोगिता रोजाना सुबह 7:00 बजे से सुबह 9:30 बजे तक होगा टूर्नामेंट में भाग लेने वाले 21 स्कूलों के खेल शिक्षकों से अनुरोध किया गया है कि अपनी स्कूल वॉलीबॉल टीम को सुबह 6:30 बजे वॉलीबॉल स्टेडियम में रिपोर्ट करना है टूर्नामेंट की पूरी तैयारी कर ली गई है सभी लीग मैच बेस्ट ऑफ़ थ्री सेट्स तथा 15 पॉइंट का खेला जाएगा प्रतियोगिता में भाग लेने वाले स्कूलों के खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर खिलाड़ियों का चयन समर वालीबॉल कोचिंग कैंप के लिए किया जाएगा जो की वॉलीबॉल स्टेडियम में होगा उक्त जानकारी धनबाद जिला वालीबाल संघ के महासचिव सूरज प्रकाश लाल ने दी है.

# ओडिशा की पांच विधानसभा सीटों पर कांग्रेस ने बदले उम्मीदवार

पोलिट लाइव रिपोर्टर

PL न्यूज़ डेस्क - ओडिशा में कांग्रेस ने पांच विधानसभा सीटों पर अपने उम्मीदवार बदल दिए हैं।

पार्टी ने कटक जिले की अथागढ़, अंगूल जिले की अथमल्लिक, जाजपुर जिले की बारी, बालेश्वर जिले की जलेश्वर और पुरी विधानसभा सीटों के उम्मीदवार बदले हैं। वहीं पार्टी से नाराज चल रहे वरिष्ठ नेता सुदर्शन दास को जलेश्वर से देबी प्रसन्ना चंद की जगह और उमा बल्लभ रथ को पुरी सीट से सुजीत महापात्रा की जगह टिकट दिया गया है।

इसके साथ ही भाजपा के पूर्व नेता देबाशीष नायक को शनिवार को कांग्रेस में शामिल होने के कुछ ही घंटे बाद बारी विधानसभा सीट से उम्मीदवार बनाया गया है। बता दें कि इस सीट से पहले आरती देव को टिकट दिया गया था।

### किसने किसका जगह लिया ?

नायक दो महीने पहले ही सत्तारूढ़ बीजू जनता दल छोड़कर भाजपा में शामिल हुए थे। कांग्रेस ने अथमल्लिक से बीमार चल रहे विजयानंद चौलिया की जगह उनके भाई हिमांशु चौलिया को नया उम्मीदवार घोषित किया है। पार्टी ने अथागढ़ उम्मीदवार महबूब अहमद खान की जगह अब सुदर्शन साहू को टिकट दिया है। अक्षय आचार्या को नीलगिरि विधानसभा सीट पर उम्मीदवार बनाया गया है। इसके साथ ही कांग्रेस और 'इंडिया' ब्लॉक ने सभी 147 विधानसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है।



# स्वीप एक्टिविटी के तहत फूड फेस्टिवल का हुआ आयोजन

## हजारों लोगों ने एक साथ ली मतदान करने की शपथ









पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा के निर्देशानुसार रविवार संध्या रणधीर वर्मा स्टेडियम में फूड फेस्टिवल का आयोजन किया गया। इस दौरान झूमर नृत्य एवं रॉक बैंड शो का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त ने सभी को लोकतंत्र के महापर्व में निर्भीक होकर और बिना प्रलोभन के मतदान करने की शपथ दिलाई। सभी दर्शकों ने अपने मोबाइल फोन का फ़्लैश ऑन कर मतदान में भाग लेने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में रॉक बैंड ग्रुप स्पंदन और झूमर नृत्य ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं उपायुक्त ने तिरंगे रंग के बैलून उड़ाकर और वोट करेगा धनबाद की दीपमाला प्रज्वलित कर समस्त जिले वासियों से मतदान में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने का आह्वान किया। दूसरी तरफ फूड फेस्टिवल में सोनोटेल होटल्स, न्यू बोम्बे स्वीट्स, चंपारण मीट हाउस, मधुलिका स्वीट्स, साउथ का तड़का, त्रीमूर्ति कैटरर्स सहित शहर के नामी गिरामी प्रतिष्ठान के 25 से अधिक स्टाल लगाए गए थे। यहां भी लोगों ने विविध व्यंजनों का लुफ्त उठाया।

कार्यक्रम में उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा, नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, वन प्रमंडल पदाधिकारी विकास पालीवाल, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक, विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी जियाउल अंसारी, जेएसएलपीएस के डीपीएम शैलेश रंजन, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती अनीता कुजूर, अपर नगर आयुक्त प्रकाश कुमार, सहायक नगर आयुक्त प्रसून कौशिक, श्रीमती संतोषिनी मुर्मू के अलावा डिस्ट्रिक्ट आईकॉन श्वेता किन्नर, प्रमोद कुमार यादव, निधी जैसवाल के अलावा हजारों की संख्या में जिला वासी मौजूद थे।



# धनबाद लोकसभा एनडीए प्रत्याशी दुलू महतो का बोकारो मे विभिन्न स्थानों पर दौरा





- अबकी बार 400 पार से गुंजा शहर

पोलिट लाइव रिपोर्टर

बोकारो : जन आशीर्वाद यात्रा पर निकले धनबाद लोकसभा एनडीए प्रत्याशी दुल्लु महतो का बोकारो विधानसभा अंतर्गत सेक्टर 1 से 9 तक धुआँधार दौरा हुआ, एक सी स्थित कार्तिक नगर पहुंचकर देवतुल्य नगर वासियों से आशीर्वाद माँगा और कहा कि आपलोग अपना भाई अपना बेटा को आशीर्वाद दे यहाँ के एक एक समस्याओं का समाधान करने का काम करेंगे आपलोगो के हर सुख दुःख में खड़ा रहने का काम करेंगे। मौके पर ग्रामीणों ने प्रत्याशी दुलू महतो को अपना जनसमर्थन देते हुए प्रचंड जीत का आशीर्वाद दिया।

## पोस्टल बैलट व होम वोटिंग के लिए पदाधिकारियों को दिया प्रशिक्षण

पोलिट लाइव रिपोर्टर



धनबाद : जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा के निर्देश पर भूमि सुधार उप समाहर्ता (डीसीएलआर) सह प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी श्री संतोष गुप्ता के नेतृत्व में आज श्री श्री लक्ष्मी नारायण ट्रस्ट (एसएसएलएनटी) महिला महाविद्यालय में पोस्टल बैलट एवं होम वोटिंग के लिए राजपत्रित पदाधिकारियों (गैजेटेड ऑफिसर्स) तथा माइक्रो ऑब्जर्वरों को प्रशिक्षण दिया गया। इसकी जानकारी देते हुए डीसीएलआर ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग से प्राप्त निर्देश के अनुसार लोकसभा चुनाव में चुनावी कार्य व आवश्यक सेवा में लगे कर्मियों को पोस्टल बैलेट तथा 85 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाता, 40% से अधिक दिव्यांग मतदाता, जिन्होंने होम वोटिंग का विकल्प चुना है, को होम वोटिंग की सुविधा प्रदान करनी है।

## भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह झारखंड प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेई सिंह मैनसन में पूर्व झरिया विधायक कुंती देवी से मुलाकात किये



पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह झारखंड प्रदेश प्रभारी श्री लक्ष्मीकांत वाजपेई जी ने सिंह मैनसन में पूर्व झरिया विधायक श्रीमती कुंती देवी जी से शिष्टाचारिक मुलाकात कर उनसे आशीर्वाद लिया जहा श्रीमती कुंती देवी जी ने उन्हे शाल एवं कमल का प्रतिक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया वही भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्रीमती रागिनी सिंह ने उन्हे पुष्प गुच्छ एवं शॉल ओढ़ाकर स्वागत अभिनंदन किया जहा इस दौरान राजनैतिक एवं पारिवारिक विषयो पर चर्चा हुई इस दौरान भाजपा धनबाद महानगर जिला अध्यक्ष श्री श्रवण राय श्री संतोष सिंह झरिया विधानसभा क्षेत्र के सभी मंडल अध्यक्ष, पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं सिंह मैंसन शुभचिंतक मौजूद रहे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने दुल्लू महतो के पक्ष में मतदान को लेकर बड़वा पूर्व, कालाडाबर एवं तिलवानी पंचायत का तूफानी दौरा किया

पोलिट लाइव रिपोर्टर




गोविंदपुर : भारतीय जनता पार्टी गोविंदपुर पूर्वी मंडल के द्वारा मंडल अध्यक्ष सुबोध कुमार सिंह के नेतृत्व में धनबाद के भावी सांसद दुल्लू महतो के पक्ष में मतदान को लेकर बड़वा पूर्व, कालाडाबर एवं तिलवानी पंचायत का तूफानी दौरा किया गया ! उपरोक्त तीनों पंचायत के बूथ संख्या 205, 206 ,207, 208, 209 ,210 ,215 ,216, 217, 218, 219 ,220, 221, 222, 223, 224 एवं 225 का भौतिक सत्यापन किया गया एवं सभी बूथ अध्यक्षों को चुनावी प्रचार में जोर-जोर से लगने का आह्वान किया गया ! साथ ही सभी कार्यकर्ताओं के द्वारा उपरोक्त तीनों शक्ति केंद्र से संबंधित गांव में घर-घर संपर्क अभियान चलाया गया एवं अपने लोकप्रिय प्रत्याशी आदरणीय दुलू महतो जी के पक्ष में 25 /05/2024 को देवतुल ग्रामीणों से मतदान करने का आग्रह किया गया ! इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष सुबोध कुमार सिंह ,निर्मल कुमार, तारक कुंभकार, सविता बनर्जी ,सुरेश रविदास, संगीत भट्टाचार्य ,पार्थो रवानी, प्रभात ओझा, शिशिर गोराइ ,बबलू गोराइ, उज्जवल मंडल ,सनातन बनर्जी ,परेश कुंभकार, सबल भंडारी ,नीताइ गोराइ, दिलीप टूरी ,लक्ष्मी नारायण गोप, गोपाल गोप, विदेश दा, लच्छू टुड्डू, सतीश कुमार ,मनोज कुंभकार ,सरथ मंडल, देवेंद्र नाथ मंडल ,विष्णु कुमार सहित दर्जनों कार्यकर्ता शामिल हुए!

# अवर न्यायाधीश ने किया धनबाद जेल का निरीक्षण

- जेल प्रशासन को दिए कई आवश्यक दिशा निर्देश
- बंदियों को दी गई प्ली बारगेनिंग कानून, की जानकारी

पोलिट लाइव रिपोर्टर




धनबाद : जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव सह अवर न्यायायाधीश राकेश रोशन, ने रविवार को लीगल ऐड डिफेंस काउंसिल की टीम के साथ मंडल कारा धनबाद का निरीक्षण किया। जेल में कुल 636 दोषसिद्ध व विचाराधीन बंदी मिले। न्यायाधीश ने कारागार के प्रत्येक बैरक में पहुंचकर बंदियों से उनके स्वास्थ्य, इलाज, पेयजल, नास्ता, भोजन व मुकदमे में पैरवी के लिए अधिवक्ता होने अथवा न होने की जानकारी ली। स्वच्छता पर विशेष ध्यान देते हुए न्यायाधीश ने बंदियों के शौचालयों की साफ-सफाई का निर्देश दिया। कारागार अस्पताल में निरुद्ध बीमार बंदियों के बेहतर इलाज के लिए उन्हें उच्च स्वास्थ्य सेंटर भेजे जाने, शिक्षापरक एवं रोजगारपरक शिविरों का आयोजन कराकर उन्हें प्रशिक्षित किए जाने का निर्देश दिया। इस दौरान कुछ ऐसे बंदी मिले जिनकी उम्र 18 वर्ष से कम देखने में प्रतीत हो रही थी न्यायाधीश ने उन बंदियों को दूसरे बंदियों से अलग वार्ड में रखने का निर्देश जेलर को दिया तथा एलएडीसीएस को निर्देश दिया कि उनके घर वालों से संपर्क कर उनके जन्म संबंधी प्रमाण पत्र की व्यवस्था करें और आवश्यक कार्रवाई करें। न्यायाधीश ने महिला बैरक में निरुद्ध कुल 26 महिला बंदियों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना। निरीक्षण के दौरान जेलर को निर्देशित किया गया कि सभी बन्दियों का वर्तमान डेटा जेल के पैरा लीगल वालेंटियर (विधिक स्वंयसेवक ) के माध्यम से कम्प्यूटर पर फीड कराया जाए। निरूद्ध सभी महिला बन्दी स्वस्थ्य पायी गयीं। न्यायाधीश ने चिकित्सा सुविधाओं, पुस्तकालय, रसोई घर, वहां तैयार हो रहे भोजन ,व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र और ध्यान-सह-योग केंद्र में सुविधाओं का जायजा लिया।उन्होंने बंदियों से भी बातचीत की और उनकी समस्याओं के बारे में पूछा। उन्होंने जेल प्रशासन को बंदियों को नियमानुसार सुविधाएं मुहैया कराने के निर्देश दिए और कहा कि प्रशासन की ओर से किसी भी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### बंदियों को दी गई कानून की जानकारी

इसके पूर्व मंडल कारा धनबाद में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया शिविर में न्यायाधीश एलएडीसीएस के चीफ कुमार विमलेंदु , डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट ने बंदियों के अधिकार, जमानत संबंधी प्रावधान व प्ली बारगेनिंग अधिनियम, हाईकोर्ट द्वारा चलाए जा रहे यूटीआरसी स्कीम के बारे में जानकारी दी । अवर न्यायाधीश राकेश रोशन ने वैसे बंदी जो साधारण अपराध के मामलों में जेल में बंद है तथा जो अधिवक्ता रखने में सक्षम नहीं है |

# सात दिवसीय श्री श्री 108 मारूति नन्दन महायज्ञ का महाभंडारा क़े साथ हुआ समापन

पोलिट लाइव रिपोर्टर

सिंदरी : श्री श्री संकट मोर्चन हनुमान मंदिर कांड्रा बस्ती में 28 अप्रैल से आयोजित सात दिवसीय श्री श्री 108 मारूति नन्दन महा यज्ञ का समापन पर रविवार को महा भंडारा का आयोजन किया गया। इस महा भांडरा में बडे संख्या में श्रद्धालु भक्त महिला पुरूष एवं बच्चे बच्चीया शामिल होक प्रसाद ग्रहण किया ।





कार्यक्रम को सफल बनाने में मंदिर व महायज्ञ समिति के महासचिव रणवीर महतो, बलराम महतो, राजेश महतो, संजय महतो, सुनील मंडल अमित मंडल, मिथुन मंडल, अर्जुन मंडल,विट्टू महतो, विवेक मंडल, दीपक मंडल, छोटू साव, सुनील राय आदि शामिल थे।

# भिखराजपुर मस्जिद छत ढलाई में लोगों ने किया श्रमदान




पोलिट लाइव रिपोर्टर

बलियापुरः भिखराजपुर मस्जिद बैतूल मुकर्रम की दूसरी मंजिला छत ढलाई निर्माण में दो समुदाय के लोगों ने श्रमदान किया। छत ढलाई सुबह से लेकर देर शाम तक चलता रहा। लोगों की काफी भीड़ रही। भिखराजपुर, बलियापुर, कोनारटांड़, आमझर, लालाडीह, दुधिया, सिंगियाटांड़ समेत कई जिलों के लोग शामिल हुए। देश के अमन चैन के लिए दुआएं मांगी। मौके पर कांग्रेस नेता शेख गुड्डू, हाजी असफ अली खान झामुमो जिला सचिव मन्नू आलम, झामुमो नेता धरनीधर मंडल, मुफ्ती शाहीद, मुफ्ती इम्तियाज, मुफ्ती सलमान कासमी, कारी सलीम, मौलाना आजाद, सदर मुस्ताक आलम,मो फहीम,कारी नूर आलम, हाफिज अमीरुद्दीन, मो इस्लाम,मो शकील, मो अमाल, नजीर अहमद, मो अजीम, नुरुद्दीन, एजाज अहमद, नूर आलम, फकरुद्दीन, अब्दुल रउफ, असगर अली खान, मौलाना शोहराब,अकरम, अमीर, रब्बानी, इरशाद, अब्दुल हक, रहीमुद्दीन, मोइज, इरशाद आदि मौजूद थे।

# बच्ची के साथ रेप, फिर...

पोलिट लाइव रिपोर्टर

बोकारो : शादी समारोह में गई आठ साल की मासूम अचानक लापता हो गई। घरवालों ने उसे इधर-उधर बहुत खोजा पर उसका कही कुछ पता नहीं चला। आज सुबह घर से ही कुछ दूरी पर झाड़ियों में खून से लथपथ उसका शव मिला। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसके शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अब तक के अनुसंधान के मुताबिक कयास लगाये जा रहे है कि बच्ची का रेप के बाद गला घोंटकर कर हत्या की गई है। बच्ची की हत्या की फैली खबर के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। मामला बोकारो के पेटरवार थाना क्षेत्र से सामने आया है। बेरमो SDPO विशिष्ठ नारायण सिंह ने बताया कि बच्ची अपने पिता के साथ नानी के मायके में शादी समारोह में आई थी, वहीं से लापता हो गई। पुलिस का कहना है किसी भी सूरत में अपराधियों को नहीं बख़शा जायेगा।

## नकली कोल्ड ड्रिंक बनाने की मिनी फैक्ट्री का भंडाफोड़, गोविंदपुर पुलिस ने टीटी चापुड़ी गांव में किया

पोलिट लाइव रिपोर्टर




गोविंदपुर : गोविंदपुर थाना अंतर्गत महुबनी वन पंचायत के टीटी चापुड़ी गांव में गोविंदपुर पुलिस ने रविवार को छापेमारी कर नकली कोल्ड ड्रिंक बनाने की मिनी फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है । कई कंपनियों के लोगों ने पुलिस को शिकायत की थी कि उनके नाम का मैंगो फ्रूटी कोल्ड ड्रिंक वहां बनाया जा रहा है । इसी के आधार पर पुलिस इंस्पेक्टर रविकांत प्रसाद ने छापेमारी की तो अवैध धंधे का पर्दाफाश हुआ। पुलिस फैक्ट्री से कोल्ड ड्रिंक जप्त कर थाना लाई है। पुलिस ने मिनी फैक्ट्री के संचालक श्याम मुखोपड़ मंडल एवं उनके पुत्र मनोज मंडल को हिरासत में लिया है। दोनों से पूछताछ की जा रही है। मामले की तहकीकात की जा रही है। पिता पुत्र का कहना है कि उन्होंने बगैर लाइसेंस के कोल्ड ड्रिंक बनाने का धंधा शुरू किया था परंतु नकली पेय पदार्थ नहीं बनाया जा रहा था। पुलिस का कहना है कि कोचिंग सेंटर की आड़ में यह काम किया जा रहा था। घर के बाहर ज्ञान ज्योति कोचिंग सेंटर का बोर्ड लगा हुआ था। कोल्ड ड्रिंक निर्माण का कोई बोर्ड वहां नहीं लगा था । पुलिस को अंदेशा है कि यहां बड़े पैमाने पर नकली कोल्ड ड्रिंक का निर्माण किया जा रहा था । इस संबंध में अब तक प्राथमिकी दर्ज नहीं हुई है। पुलिस अनुसंधान में जुटी हुई है।




मैनेजिंग संपादक - बिद्युत वर्मा, कार्यालय- गली न0-10, बिनोद नगर, धनबाद-826001, Mobile No. : 9934560545

# प्रयास इंडिया का वार्षिक कार्यक्रम रेनबों 2024 का हुआ आयोजन

पोलिट लाइव रिपोर्टर

सिंदरी :बीआईटी सिंदरी छात्रों द्वारा संचालित सामाजिक एवं शैक्षणिक संस्था प्रयास इंडिया का वार्षिक कार्यक्रम रेनबों 2024 का आयोजन गौशाला स्थित आर्य समाज मैदान में रविवार के देर शाम किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीआईटी सिंदरी के करियर विकास केंद्र के अधिकारी डा. घनेश्याम विषेश अतिथि के रूप में सेल टासरा प्रोजेक्ट में कार्यरत एमडीओ कम्पनी टासरा कल्याणेश्वरी माईनिंग प्रवेट लिमिटेड के सहायक मेनेजर विजय कुमार शर्मा ने





संयुक्त रूप से दीपप्रज्वलीत कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

मुख्य अतिथि डा. घनेश्याम ने आपने संबंध में कहा की बीआईटी सिंदरी के छात्रों द्वारा संचालित संस्था प्रयास इंडिया द्वारा क्षेत्र के गरीब परिवार के बाच्चो, बाचीयों को निशुल्क शिक्षा प्रदान एक शिक्षित समाज के निर्माण में योदान दे रहे है। विषेश अतिथि टासरा कल्याणेश्वरी माईनिंग प्रवेट लिमिटेड के सहायक मैनेजर विजय कुमार शर्मा ने कहा कि प्रयास इंडिया संस्था द्वारा क्षेत्र के गरीब गुरबो के लिए किये जा रहे समाजीक एवं शैक्षणिक जेसे निशुल्क रक्त दान,शिक्षा दान,आदि काबेले तारीफ कार्यक्रम हैं। बीआईटी के छात्रों द्वारा प्रयास इंडिया संस्था के गरीब बच्चों के उत्थान के लिए घर से मिलने बाले आपने पोकेट मनी खर्च कर देते हैं। इस सस्था की जितना भी तारीफ किया जाए कम है शिक्षा दान महादान हैं।

इसके बाद प्रयास इंडिया में अध्ययनरत छात्र छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार के नृत्य, संगीत, नाटक, आदि प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया।

इसके बाद मुख्य अतिथि विषेश अतिथि द्वारा रेनवो 2024 संस्कृति कार्यक्रम के विजेता प्रतिभागियों को पुरूषकार एवं प्रसंसा पत्र प्रदान किया गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने मे बीआईबी सिंदरी के छात्र प्रयास इंडिया संस्था के स्वयं सेवकों की योदान अहम योदान रहा।

## बलियापुर में झामुमो ने किया बैठक इंडिया गठबंधन के अनुपमा को जीताने का लिया निर्णय



पोलिट लाइव रिपोर्टर

बलियापुर: बलियापुर हटिया चौक में झामुमो की बैठक निर्मल रजवाड़ के अध्यक्षता में हुई इस बैठक में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी अनुपमा सिंह को भारी मतों से जीताने का लिया निर्णय, वही निर्मल रजवार ने कहा देश के प्रधानमंत्री मोदी सरकार डीजल,पेट्रोल,खाने की वस्तुएं 400 पार करने का निर्णय लिया है इस बार मतदान करें इंडिया गठबंधन के पक्ष में। देश की जनता ने ठान लिया है भाजपा सरकार को उखाड़ के फेंकने का काम करेगी मौके पर निर्मल रजवाड़ ईश्वर मरांडी गौर मंडल मुकुल सिंह प्रान राय सूदाम रजवाड़ कदीर अंसारी आजाद रजवाड़ ललित महतो प्रदीप रजवाड मथुर राय शेख खातिर निर्मल महतो विकास कुमार दास शेख छोटू राजेंद्र किसकु सूरजकांत सोरेन गुही रामपाल टार्जन हेंब्रम धनंजय मंडल अकबर अली अंसारी सुदाम कुमार रजवाड़ आदि मौजूद थे।

## झाडियों में आग लगने से बगान में रखे विभिन्न कटे पेड़ लगभग पंचास हजार का लकडी जलकर खाक

पोलिट लाइव रिपोर्टर





सिंदरी: एफसीआईएल सिंदरी के रोहराबांध पकोडी मोड स्थित एफ टाईप कालोनी के क्वार्टर संख्या एफ - 146 के बगान के झाडियों में आग लगने से बगान में रखे विभिन्न पेड काट रखे लगभग पंचास हजार से ज्यादा मुल्य के लकडी जलकर खाक हो गया।

घटना के संबंध में बताया जाता हैं कि उक्त क्वार्टर में रहने बाले द्वारा बगान के विभिन्न पेड से झडे सुखे पत्ते को सफाई कर एक जगह पर इकट्ठा कर आग लगा दिया था,उसके आग धीमी होने के बाद छोडकर आपने कहीं चला गया। उक्त आग हवा से सुलगते हुए उडकर सुखे झाडियों जाकर भयानक रूप ले लिया। आग की भयानक को देकर अगल बगल के क्वार्टर बालो ने अग्नि सेवा कार्यालय सिंदरी को आग लगी की घटना की जानकारी दिया। इसके बाद झारखंड अग्नि सेवा के बाहन पहुंच कर आग पानी मारकर आग पर काबू बाया।

## भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं झारखंड प्रभारी राज्यसभा सांसद लक्ष्मीकांत वाजपेई का गोविंदपुर दौरा

पोलिट लाइव रिपोर्टर



गोविंदपुर : भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं झारखंड प्रभारी राज्यसभा सांसद लक्ष्मीकांत वाजपेई ने रविवार को कहा कि झारखंड की सभी 14 सीटों पर भाजपा गठबंधन की जीत होगी । उन्होंने कहा कि सभी सीटों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुनाव लड़ रहे हैं। कमल फूल चुनाव लड़ रहा है। पूरे देश में कहीं भी व्यक्ति विशेष चुनाव नहीं लड़ रहा है। श्री वाजपेई ने राजविलास रिजॉर्ट कौवाबांध में कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। भाजपा ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष नंदलाल अग्रवाल ने शाल देकर श्री वाजपेई का अभिनंदन किया। श्री वाजपेई ने कहा कि धनबाद में भाजपा की रिकॉर्ड मतों से जीत होगी सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर कमल फूल को जिताने में लगे हुए हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए एक-एक घर जाकर कमल फूल में वोट देने की अपील करने का आह्वान किया। इस अवसर पर लोकसभा प्रभारी सुरेश साव, लोकसभा संयोजक सत्येंद्र कुमार, सिंदरी विधानसभा प्रभारी संजीव अग्रवाल, प्रदेश सदस्य राजकुमार अग्रवाल, जिलाध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर, उपाध्यक्ष नंदलाल अग्रवाल, अवधेश साव, राजाराम पासवान, रतिरंजन गिरि, ओम प्रकाश बजाज, दिनेश मंडल, बमबम साव, पप्पू विश्वकर्मा, प्रकाश शर्मा आदि मौजूद थे।

# जयरामपुर बीसीसीएल के अस्पताल में मुफ्त नेत्र जांच शिविर का हुआ आयोजन

पोलिट लाइव रिपोर्टर

तिसरा : ए ,एस ,जी आई हॉस्पिटल अशोक नगर धनसार धनबाद की ओर से रविवार को जयरामपुर बीसीसीएल के अस्पताल में मुफ्त नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 75 लोगों की आंख की जांच की गई जिन में 15 मोतियाबिंद के मरीज पाए गए। कार्यक्रम का उद्घाटन समाजसेवी प्रतिमा देवी बबलू रजक एवं मेवा लाल रजक ने किया। लोगों का जांच आई अस्पताल के डॉक्टर संजय रजक रवि कुमार सिंहा अभिषेक आनंद एवं तन्मय की चार सदस्य टीम की ओर से किया गया।





जांच के बाद डॉक्टर डॉ संजय रजक ने बताया कि 60 वर्ष के बाद किसी भी पुरुष या महिला में मोतियाबिंद का लक्षण पाए जाते हैं लेकिन अभी देखा जा रहा है कि बच्चों में भी यह बीमारी तेजी से फैल रही उन्होंने बताया कि खास कर कोलियरी इलाके में आंख के बीमारी के लक्षण अधिक मात्रा में पाए जाते हैं क्योंकि यहां का वातावरण सही नहीं है डस्ट एलर्जी है धूलकण से ज्यादा लोग परेशान है इसके अलावा खान-पान भी सही नहीं है उन्होंने कहा कि बच्चे आजकल ज्यादातर मोबाइल चला रहे हैं जिस कारण भी बीमारी हो रही है। लोगों के मुफ्त जांच के बाद कई लोगों को आंख का चश्मा एवं ड्रॉप आंख में डालने की सलाह दी गई जिन लोगों का मोतियाबिंद है उनको अस्पताल की ओर से निशुल्क यहां से ले जाएंगे और ऑपरेशन करने के बाद उनको पहुंचाया जाएगा उनके पास आयुष्मान कार्ड आधार कार्ड एवं राशन कार्ड होना अनिवार्य है। धूप में निकलने से पहले सनग्लास का उपयोग करें कंप्यूटर में भी ग्लास लगाकर काम करने से आंख पर प्रभाव नहीं पड़ेगा जानकारी ही बीमारी से बचाव है। 6 माह के अंदर नियमित जांच करते रहे एवं डॉक्टर से सलाह ले हमारा उद्देश्य है ज्यादा से ज्यादा गरीब लोगों के बीच में जाएं और उनको मदद करें। मौके पर सहिया साथी रेखाभट्ट, सहिया रानी देवी सुनीता देवी शांति देवी मनोरमा गुप्ता रेखा साहनी, सरिता देवी सुलेखा देवी उमेश पांडे आदि लोग थे।

## रिकॉर्ड मतों से जीत दर्ज करेगी धनबाद लोकसभा सीट में भाजपा -जग्गू साव



पोलिट लाइव रिपोर्टर

गोविंदपुर : 25 मई को होने वाली धनबाद लोकसभा सीट के लिए मतदान में भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो जी रिकॉर्ड मतों से जीत दर्ज करेंगे|

किसान मजदूर गरीब शोषित पीड़ित छात्र नौजवानो की आवाज बनकर उभरे गांव का बेटा को वोट करने के लिए धनबाद की जनता उत्साहित हे भाजयुमो जिला महामंत्री जग्गू साव ने कहा की युवा मोर्चा की पूरी टीम अपने स्तर से दौरा कर भाजपा के पक्ष में मतदान करने के लिए लोगो को जागरूक कर रही साथ ही देश के यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी जी की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी लोगो को दे रही उन्होंने कहा की वोट के दिन मतदाताओं को मतदान स्थल तक ले जाना एक बड़ी जिम्मेदारी हे जिसे युवा मोर्चा पूर्ण रूप से निभायेगी भाजयुमो जिला महामंत्री जग्गू साव जिला कोषाध्यक्ष इंद्रजीत मंडल जिला कार्यसमिति सदस्य चीकू अग्रवाल गोविंद राय अमित कुमार सूरज पांडे गौतम कुमार रंजीत कुमार सोनू कुमार सीमांत मंडल रोशन कुमार अनिल विश्वकर्मा सूरज कुमार अश्विनी मंडल साहिल कुमार टिंकू कुमार विजय रूज संतोष कुमार शिबू कुमार एवं सभी सम्मानित भाजयुमो कार्यकर्ता भाजपा की जीत सुनिश्चित करने में दिन रात लगे हुए हे।।

## इंडिया महागठबंधन क़ी कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती अनुपमा सिंह का तूफानी दौरा....

# भाजपा के सजायाफ्ता प्रत्याशी से शिक्षित महिला कि लड़ाई -अनुपमा सिंह

पोलिट लाइव रिपोर्टर



झारखंड किन्नर समाज की प्रदेश अध्यक्ष छम छम देवी किन्नर से उनके आवास में मिलकर हाल-चाल जानकर आशीर्वाद प्राप्त किया



सहयोगी क्षेत्रीय दल राष्ट्रीय जनता दल के साथ जनता दल के कार्यालय में जिला स्तरीय बैठक मंच संबोधन करते हुए



राष्ट्रीय कोलयरी मजदूर संघ के आवासीय कार्यालय जोड़ा पोखर







धनबाद : इंडिया महागठबंधन कि कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती अनुपमा सिंह का तूफानी दौरा जामाडोबा स्थित राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के रीजनल ऑफिस के आवासीय कार्यालय जोड़ापोखर में आए हुए लोगों सहयोगी दलों के नेताओं कार्यकर्ताओं समाजसेवियों एवं गण्यमान्य लोगों से मिलकर एवं झारखंड किन्नर समाज की प्रदेश अध्यक्ष छमछम देवी किन्नर से उनके आवास में मिलकर हाल-चाल जानकर आशीर्वाद प्राप्त किया धनबाद विधानसभा अंतर्गत बारामुड़ी नवाडीह में बिरसा मुंडा पार्क के पास चर्च जाकर वहां श्रद्धालुओं से मिलकर आशीर्वाद प्राप्त किया इंडिया मां गठबंधन के सहयोगी दल राष्ट्रीय जनता दल के जिला कार्यालय में जिला स्तरीय बैठक कार्यक्रम में सम्मिलित होकर सहयोगी साथियों क्षेत्रीय नेताओं कार्यकर्ताओं को संबोधित किया एवं दर्जनों सभाएं धनबाद लोकसभा के निरसा विधानसभा क्षेत्र में निरसा प्रखंड के बरबिंदया में इंडिया महागठबंधन के कार्यकर्ताओं के साथ सम्मेलन उपचिड़िया गांव में सभा भागाबांध रंगामटिया गांव में सभा चरघरा गांव में सभा बेनागोरिया गांव में गुनडवा मोड में सभा पॉडराबेजड़ा गांव में सभा विद्यापति भवन नियर लॉ कॉलेज धनबाद में विद्यापति समिति के साथ बैठक बलियापुर प्रखंड के बेलगड़िया टेंपो स्टैंड के समीप जनसंपर्क बलियापुर प्रखंड में बेलगड़िया फेस वन नंबर में जनसंपर्क बलियापुर प्रखंड के बेलगाड़ीया फेस 3 नंबर में जनसंपर्क उपरोक्त सभाओं को संबोधित करते हुए अनुपमा सिंह ने कहा बाघमारा क्षेत्र से कई महिलाओं ने और लोगों ने बताया कि ढुल्लू महतो के आतंक चाल चरित्र और चेहरे के बारे मुझे पता है कि ढुल्लू महतो के खिलाफ कोई भी कुछ बोलता है या उसके खिलाफ आवाज उठाता है तो ढुल्लू महतो अपने विरोधियों के लिए ऐसा ग्रुप रखा हुआ है जिसके तहत से वो उन लोगों के खिलाफ फर्जी यौन उत्पीड़न एससी एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करवा देता है जिस के चलते उनके खिलाफ कोई भी आवाज उठाने लडने के लिए तैयार नहीं कुछ ऐसा ही मामला पूर्व सांसद गिरिडीह के रविंद्र पांडे पर किया गया था, उसके बाद सामाजिकगण एवं बियाड़ा के पूर्व अध्यक्ष विजय झा के बेटे के खिलाफ विनय सिंह पर आरोप लगाया गया था ढुल्लू महतो के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मुकदमा सोमनाथ चटर्जी ने जब रांची हाई कोर्ट में किया तो उन पर भी फर्जी मुकदमा दर्ज कर भयादोहन किया था, बाघमारा में ऐसे दर्जनों उदाहरण भरे पड़े हैं ऐसे में नारी शक्ति के रूप कांग्रेस पार्टी ने मुझे प्रत्याशी बनाया है जिसे मैं अपने कार्य शैली से आप लोगों के हर सुख दुख में खड़ा उतरूंगी आज मैं जनसंपर्क में जहां भी जा रही हूं जनता मुझे यह कह रही है धनबाद को अब आप ही बचा सकती हैं रंगदारी से गुंडा टैक्स से अन्यथा अगर ऐसा व्यक्ति धनबाद में आ गया तो यही प्रचलन धनबाद में भी चल पड़ेगा जिसका कोई भी नेता विरोध नहीं कर पाएगा ऐसे में धनबाद भय भूख भ्रष्टाचार के आगोश में चला जाएगा व्यापारीगण पलायन करने लगेंगे और धनबाद अस्थिर होकर जल उठेगा हमारी लड़ाई ऐसे भाजपा के प्रत्याशी के साथ है जिन पर पच्चास से ज्यादा मुकदमे हैं हमारी लड़ाई सजायाफ्ता ढुल्लू महतो से है जिसे प्रशासन से लेकर के चुनाव आयोग को भी दिगभ्रमित करने का काम किया हैं लेकिन जनता सब कुछ जानती

## छत से गिरकर घायल हुए मजदूर का इलाज के लिए रांची ले जाने के क्रम रास्ते में हुई मौत



पोलिट लाइव रिपोर्टर

गोमो : हरिहरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत चैता पंचायत निवासी राम भजन सिंह जो की मजदूरी का काम करते था, सोने के लिए जाने के क्रम में बीती रात छत से गिरकर घायल हो गए उनके सिर पर गंभीर रूप से चोट आई थी परिजन उसे तत्काल धनबाद ले गए जहां पर मरीज की हालत को देखते हुए उसे रांची रेफर कर दिया गया परंतु बीच रास्ते में ही मरीज की मौत हो गई घटना के संबंध में मृतक की पत्नी पूनम देवी ने बताया कि धनबाद एसएनएमएमसीएच में उनका इलाज के नाम पर केवल एक बोतल पानी चढ़ाया गया इलाज में लापरवाही के कारण उसकी मौत हो गई।मृतक की माली हालत बहुत ही खराब है।उसकी पत्नी के पास दो अबोध बच्चों को पालने की विकट स्थिति आ गई है।मृतक की पत्नी ने बताया कि सूचना पाकर मुखिया प्रतिनिधि लालचन्द महतो पहूंचे और इलाज के लिए मदद किये और शव को लाने में भी गाड़ी उपलब्ध कराये।वहीं घटना की जानकारी होने पर समाजसेवी संतोष कुमार सिंह, राजा वर्मा,उमेश महतो आदि पहुंचे और हर संभव मदद करने का आश्वासन दिये।

## जदयू तोपचाँची प्रखण्ड के बुथ स्तरिय बैठक में एनडीए प्रत्याशी को जीतने का संकल्प लिया गया

पोलिट लाइव रिपोर्टर



गोमो : तोपचांची, हीरापुर स्थित तोपचांची प्रखंड यूथ फोर्स कार्यालय में जदयू तोपचाँची प्रखण्ड के दस पंचायत के बुथ स्तरिय कार्यकर्ताओं की बैठक फूलचंद दास की अध्यक्षता मे हुई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह उपस्थित हुए। बैठक में मुख्य रूप से बुथ स्तर पर जदयू कार्यकर्ता अपनी जोरदार तरीके से तैयारी कर चुनाव जीतने की रणनीति बनाई गई। बैठक में तोपचांची प्रखंड के दस पंचायत प्रधानखंता, मतारी, ढांगी, श्रीरामपुर, सिंगदाहा, गेंदनावाडीह, ब्र ह्मणडीहा, नेरो, लोकबाद और लेदाटांड के कार्यकर्ता शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते हुए दीप नारायण सिंह ने कहा कि गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी के रूप में चंद्र प्रकाश चौधरी चुनाव लड़ रहे हैं। जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष और बिहार के लोकप्रिय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी ने झारखंड के 14 लोकसभा क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी को विजय बनाने का आह्वान जदयू कार्यकर्ताओं से किया है। गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी चन्द्र प्रकाश चौधरी को विजय बनाने हेतु जदयू के कार्यकर्ताओं को जोर-शोर से लगकर प्रत्येक बुथ से विजय बनाने की तैयारी करनी चाहिए। ताकि आने वाला समय एनडीए के साथ - साथ जदयू पार्टी मजबूत हो सके। बैठक में जदयू नेता सह पूर्व जिला परिषद सदस्य सहदेव प्रसाद सिंह, जदयू महिला प्रकोष्ठ प्रदेश सचिव बिन्दु देवी,जदयू तोपचाँची प्रखण्ड अध्यक्ष सह पावापुर मुखिया प्रतिनिधि जितेन्द्र कु० पाण्डेय, मतारी मुखिया प्रतिनिधि पंचानन रजवार, नुनूमणी सिंह, आदि उपस्थित थे।